# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715

**फोन नं0: (05947)-252276, 254275, फैक्स नं0 : (05947)-255021, 252276**

email : **secy-ubse-uk@nic.in** वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in**


## राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड के पत्रांक सेवा–1(शै0)/9002–07/अटल उत्कृष्ट–प्रधा0/2021–2, दिनांक 30 नवम्बर 2021 एवं पत्रांक सेवा–1(शै0)/ 9415–25/अटल उत्कृष्ट–प्रधा0/2021–22 दिनांक 0 दिसम्बर 2021 के क्रम में राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पदों पर तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021 निम्न कार्यक्रमानुसार **राजकीय इण्टर कॉलेज रामनगर (नैनीताल)** में आयोजित की जा रही है–

| परीक्षा का नाम | परीक्षा तिथि | समय |
|---|---|---|
| राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021 | **27 दिसम्बर 2021 (सोमवार)** | **प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक** |

2. **परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षा से पूर्व आवेदक अपना प्रवेशपत्र** परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन से **डाउनलोड कर सकेंगे।** समस्त अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पी0डी0एफ0 फार्मेट पर परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड किए गये हैं। आवेदक को प्रवेशपत्र पर नियत स्थान पर अपनी नवीनतम फोटो चस्पा करनी होगी एवं फोटो की एक समान प्रति परीक्षा तिथि को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र को भी उपलब्ध करानी होगी। **परीक्षा केन्द्र पर प्रवेशपत्र के साथ आवेदक को अपनी पहचान के रूप में अपना आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड भी अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।**

3. स्क्रीनिंग परीक्षा का **प्रश्नपत्र अंग्रेजी भाषा में होगा**, जिससे परीक्षार्थी के **अंग्रेजी कौशल एवं ज्ञान के परीक्षण हो सके। प्रश्नपत्र में अंग्रेजी भाषा ज्ञान, शिक्षण विज्ञान, वित्तीय एवं प्रशासनिक ज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान के परीक्षण से सम्बंधित 60 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र की अवधि 01:00 घंटा (60 मिनट) होगी।**

4. परीक्षा में ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का प्रयोग किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। इनमें से **एक ही उत्तर सही/सबसे उपयुक्त उत्तर** होगा। **परीक्षार्थी को दिये गये चार विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त उत्तर** का चयन कर उसे ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में अंकित करना होगा। **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।**
   - प्रत्येक **प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक** एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने अथवा त्रुटिपूर्ण ढंग से उत्तर अंकित करने पर शून्य (Zero) अंक प्रदान किया जायेगा। **ऋणात्मक अंक (Nagetive Mark) नहीं दिये जाएंगे।**
   - अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने, प्रश्न पुस्तिका नम्बर/सीरीज (सेट) आदि अंकित न करने की स्थिति में उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
   - अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में अंकित सूचनाओं यथा अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक/सीरीज (सेट) आदि विकल्प पर किये गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा। इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुसरण करें।

5. परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परिषद् द्वारा उत्तर–कुंजी (Answer Key) परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी। यदि किसी परीक्षार्थी को परिषद् द्वारा जारी उत्तर–कुंजी (Answer Key) के किसी उत्तर पर आपत्ति होगी तो वह परिषद् को निर्धारित अवधि के अंतर्गत **सप्रमाण दावा/आपत्ति भेज सकता है। बिना प्रमाण एवं निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उसे अमान्य किया जायेगा।** प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर निराकरण किया जायेगा।

दावा/आपत्ति सही पाये जाने पर उत्तर–कुंजी (Answer Key) में तद्नुसार आवश्यक संशोधन या निरसन के पश्चात अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) तैयार कर परीक्षाफल का निर्माण किया जायेगा। **परिषद् द्वारा जारी अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।**

6. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की स्केनिंग एवं आपत्ति निराकरण के उपरांत अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) के आधार पर परिषद् द्वारा परीक्षाफल तैयार कर घोषित किया जायेगा।

7. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा। **पुनर्मूल्यांकन एवं सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) हेतु कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।** परीक्षा में प्रयुक्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की कार्बन प्रति एवं प्रश्नपुस्तिका अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।

8. **अभ्यर्थी द्वारा स्क्रीनिंग परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य स्तर पर योग्यता/श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।** अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में योग्यता/श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी। योग्यता/श्रेष्ठता सूची तैयार करते समय यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर अंक प्राप्त करते हैं तो ऐसी स्थिति में **(i)** ज्येष्ठ आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवीणताक्रम में ऊपर रखा जायेगा, यदि आयु भी बराबर हों तो **(ii)** आयु बराबर होने पर उनके नाम वर्णमाला (अंग्रेजी) क्रम वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जायेगा।

9. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराया जा रहा है। उनका अभ्यर्थन नितांत औपबन्धिक होगा। परीक्षा के उपरांत् अभ्यर्थियों की अर्हता की जॉच महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा की जायेगी।

10. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) सहित परीक्षा के अभिलेख परीक्षा आयोजन तिथि से एक वर्ष की अवधि तक संरक्षित रखे जायेंगे एवं तत्पश्चात इन्हें विनष्ट (वीड–आउट) कर दिया जायेगा।

| (सी0 पी0 रतूड़ी) | (बी0एम0एस0 रावत) | (डॉ0 नीता तिवारी) |
|---|---|---|
| उप सचिव | अपर सचिव | सचिव |
| उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् | उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् | उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् |
| रामनगर, नैनीताल। | रामनगर, नैनीताल। | रामनगर, नैनीताल। |